बुधवार को 141 नए मरीज मिले, दूसरी लहर से दो गुना रफ्तार

# सिर्फ 19 दिन में कोरोना के 1032 नए मरीज

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना संक्रमण की दर आठ प्रतिशत से अधिक होने के साथ ही नए मरीजों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। पहली लहर शुरू होने के छह महीने बाद नवंबर 2020 में कुल 1017 मरीज मिले थे। दूसरी लहर की शुरुआत में मार्च 2021 में 1098 मरीज मिले जबकि तीसरी लहर के 19 दिन में ही मरीजों की संख्या 1032 हो गई है।

बुधवार को 141 नए मरीज मिले। 61 स्वस्थ हुए। अब जिले में एक्टिव मरीजों की संख्या 734 हो गई। अगले एक सप्ताह तक प्रतिदिन मिलने वाले मरीजों की संख्या 500 तक जा सकती है। हालांकि अभी तक मिले मरीजों में सभी की स्थिति बेहतर है। 19 दिन में एक भी मौत नहीं होने से स्वास्थ्य विभाग का अमला भी राहत महसूस कर रहा है।

**रहवासियों को बांटे मास्क :** कोविड-19 के चलते सनातन धर्मसभा की ओर से वार्ड नंबर दो के रहवासियों को भाजपा आंबेडकर मंडल की सहयोगी किरण महावर की उपस्थिति में मास्क का वितरण किया गया। गीतांजलि महावर, गुलाबबाई जयपुरिया, अशोक चौधरी, पूजा शर्मा सहित वार्डवासी उपस्थित थे। सनातन धर्मसभा ने रहवासियों से कोरोना के दृष्टिगत दो गज की दूरी, मास्क, स्वच्छता, हाथ धोने की समझाइश दी गई।



सैलाना मंडी परिसर मे कोरोना जांच के लिए सैंपल लेते हुए स्वास्थ्यकर्मी। ●नईदुनिया

## मंडी परिसर में की जांच

सैलाना। कोरोना महामारी के बढ़ते मामले को लेकर के प्रशासन सतर्क होता नजर आ रहा है। एसडीएम कामनी ठाकुर के निर्देश पर कृषि उपज मंडी प्रांगण के बाहर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मंडी प्रांगण में आने जाने वाले सभी लोगों की कोरोना की जांच की गई। बुधवार को दंत चिकित्सक डा. केशव प्रसाद, लैब टेक्नीशियन विशाल मचार, लैब सहायक राकेश निनामा, सुपरवाइजर आशा धवाई की मौजूदगी में मंडी के बाहर कृषि उपज मंडी में आने जाने वाले लोगों, वाहन चालकों सहित अन्य जनों की एंटीजन व आरटीपीसीआर की जांच की गई। मंडी समिति द्वारा अनाउंसमेंट करके किसानों, तुलावटी, व्यापारी व हम्मालों को जांच करवाने को कहा। सैलाना पुलिस बल मंडी प्रांगण में राउंड लगाते रहा।

नईदुनिया २०/१/२२.

# विकास शाखा के 3 कर्मचारियों की एक-एक वेतनवृद्धि रोकी

रतलाम ● स्वदेश समाचार
नगर निगम विकास शाखा के सहायक वर्ग-2 गोपाल झालीवाल, सहायक वर्ग-3 राजेन्द्र पुरोहित व श्रीमती प्रफुल्लता तिवारी द्वारा लीज निरस्त किए जाने के बाद अचल संपत्ति अंतरण नियम के तहत विक्रय की कार्रवाई नहीं की जाकर नस्ती को तीन माह तक अपने पास लंबित रखने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार तीनों कर्मचारियों की एक-एक वेतनवृद्धि रोकी गई, साथ ही विकास शाखा के प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन व सत्यप्रकाश आचार्य की एक-एक वेतनवृद्धि रोके जाने हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया।

**2 प्रभारी सहायक यंत्री को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी**

योजना क्रमांक-64 डोंगरे स्थित भूखण्ड क्रमांक डी-29 श्रीमती कल्पना टांक पिता रमेश टांक व योजना क्रमांक 12-13 कलीमी कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक-110 मोईज अली पिता बरकत अली की लीज अवधि 3 माह पहले निरस्त की गई थी। लीज निरस्ती के बाद अचल संपत्ति अंतरण नियम के तहत विक्रय की कार्रवाई नहीं की जाकर नस्ती को तीन माह तक अपने पास लंबित रखने पर उक्त कर्मचारियों की एक-एक वेतनवृद्धि रोकी गई।

स्वदेश

स्वदेश २०/१/२२

# रतलाम में 141 नए पॉजिटिव, मेडिकल कॉलेज के 10 लोग पॉजिटिव

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ता जा रहा है। बुधवार को 141 नए पॉजिटिव सामने आए हैं। इनमें मेडिकल कॉलेज के 10 लोग संक्रमित हुए हैं।

जिले में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या रोज बढ़ रही है। 5 दिन में 500 से ज्यादा पॉजिटिव सामने आ चुके हैं। बुधवार को मिले पॉजिटिव में शिवगढ़, बाजना, सैलाना, शहर के अलकापुरी, मेडिकल कॉलेज, राम मंदिर, पावर हाउस रोड, न्यू बैंक कॉलोनी, त्रिमूर्ति नगर, डीआरपी लाइन, एमबी नगर, विनोबा नगर, कंचन विहार, सैलाना रोड, संत मीरा स्कूल सहित अन्य जगहों पर संक्रमित सामने आए है। इधर, अब जिले में कुल संक्रमित की संख्या 18545 हो गई हैं। भास्कर

दै. भास्कर २०/१/२२

# सेंटर का फोन नहीं सुना तो घर से कोविड केयर सेंटर

रतलाम, नप्र। जो मरीज कोरोना संक्रमित हैं और होम आइसोलेट हैं उनकी सेहत के हाल-चाल जानने के लिए जिला कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर 1075 से फोन किए जाते हैं। मरीज को दो बार कॉल की जाती है जो उनकी सेहत की बेहतरी, मार्गदर्शन एवं उपचार के लिए की जाती है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि होम आइसोलेट मरीजों को कॉल किए जाने के दौरान पाया है कि मरीज या तो फोन नहीं उठाते हैं या फिर उनका फोन बंद मिलता है या फिर मरीज की ओर से गलत नंबर दर्ज करवाया जाता है। ऐसी हालात में तय किया है कि जिला कोविड कमांड कंट्रोल सेंटर से दो बार मरीज को कॉल किया जाएगा। यदि फोन अटेंड नहीं किया तो मरीज को होम आइसोलेशन के जगह पर कोविड केयर सेंटर भेज दिया जाएगा। जिले में अभी 570 मरीज होम आइसोलेट हैं। जिसमें 515 मरीज केवल रतलाम शहर में होम आइसोलेट किए हैं।

# होम आइसोलेट मरीजों के लिए सूचना

## कोविड कमांड सेंटर के फोन अटेंड करें अन्यथा कोविड-केयर सेंटर भेज दिए जाएंगे

रतलाम। जो मरीज कोरोना संक्रमित हैं और होम आइसोलेट हैं उनकी सेहत के हाल-चाल जानने के लिए जिला कोविड-कमांड एंड कंट्रोल सेंटर 1075 से फोन किए जाते हैं। मरीज को दो बार कॉल की जाती है जो उनकी सेहत की बेहतरी, मार्गदर्शन एवं उपचार हेतु की जाती है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि होम आइसोलेट मरीजों को कॉल किए जाने के दौरान पाया गया है कि प्रायः मरीज द्वारा फोन अटेंड नहीं किए जाते हैं अथवा फोन बंद मिलता है या मरीज द्वारा गलत नंबर दर्ज करवाए गए हैं। ऐसी स्थिति में निर्णय लिया गया है कि जिला कोविड- कमांड कंट्रोल सेंटर द्वारा दो बार मरीज को कॉल किया जाएगा। यदि फोन अटेंड नहीं किया गया तो मरीज को होम आइसोलेशन के स्थान पर कोविड-केयर सेंटर भेज दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले में अभी 570 मरीज होम आइसोलेट हैं। इनमें 515 मरीज केवल रतलाम शहर में होम आइसोलेट किए गए हैं।

# कोविड कमांड सेंटर के फोन अटैंड करें, अन्यथा कोविड-केयर सेंटर भेज देंगे

रतलाम ● स्वदेश समाचार

जो मरीज कोरोना संक्रमित हैं और होम आइसोलेट हैं, उनकी सेहत के हाल-चाल जानने के लिए जिला कोविड-कमांड एंड कंट्रोल सेंटर 1075 से फोन किए जाते हैं। मरीज को दो बार कॉल की जाती है जो उनकी सेहत की बेहतरी, मार्गदर्शन एवं उपचार हेतु की जाती है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि होम आइसोलेट मरीजों को कॉल किए जाने के दौरान पाया गया है कि प्रायः मरीज द्वारा फोन अटैंड नहीं किए जाते हैं अथवा फोन बंद मिलता है या मरीज द्वारा गलत नंबर दर्ज करवाए गए हैं। ऐसी स्थिति में निर्णय लिया गया है कि जिला कोविड- कमांड कंट्रोल सेंटर द्वारा दो बार मरीज को कॉल किया जाएगा। यदि फोन अटैंड नहीं किया गया तो मरीज को होम आइसोलेशन के स्थान पर कोविड-केयर सेंटर भेज दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले में अभी 570 मरीज होम आइसोलेट हैं। इनमें 515 मरीज केवल रतलाम शहर में होम आइसोलेट किए गए हैं।

# होम आइसोलेट मरीज फोन अटैंड करें, वरना कोविड सेंटर भेज देंगे

रतलाम | कोरोना संक्रमित होम आइसोलेट मरीजों के लिए यह खबर काम की है। आप कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से आने वाला फोन अटैंड नहीं कर रहे हैं तो आपको कोविड केयर सेंटर भेजा जा सकता है। होम आइसोलेट मरीजों को 1075 नंबर से फोन किए जाते हैं। मरीज को दो बार कॉल की जाती है जो उनकी सेहत की बेहतरी, मार्गदर्शन एवं उपचार के लिए होती है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया होम आइसोलेट मरीजों को कॉल करने के दौरान सामने आया है कि कुछ मरीज फोन अटैंड नहीं करते हैं, उनका फोन बंद मिलता है या मरीज द्वारा गलत नंबर दर्ज करवा दिए जाते हैं। ऐसी स्थिति में निर्णय लिया है कि जिला कोविड- कमांड कंट्रोल सेंटर द्वारा दो बार मरीज को कॉल किया जाएगा। फोन अटैंड नहीं किया तो मरीज को कोविड-केयर सेंटर भेज दिया जाएगा। अभी जिले में 570 मरीज होम आइसोलेट हैं। इनमें 515 मरीज केवल रतलाम शहर में होम आइसोलेट किए हैं।

# कोविड कमांड सेंटर के फोन अटेंड करें अन्यथा भेज दिए जाएंगे सेंटर

रतलाम। जो मरीज कोरोना संक्रमित हैं और होम आइसोलेट हैं उनकी सेहत के हाल-चाल जानने के लिए जिला कोविड-कमांड एंड कंट्रोल सेंटर 1075 से फोन किए जाते हैं। मरीज को दो बार कॉल की जाती है जो उनकी सेहत की बेहतरी, मार्गदर्शन एवं उपचार हेतु की जाती है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि होम आइसोलेट मरीजों को कॉल किए जाने के दौरान पाया गया है कि प्रायः मरीज द्वारा फोन अटेंड नहीं किए जाते हैं अथवा फोन बंद मिलता है या मरीज द्वारा गलत नंबर दर्ज करवाए गए हैं। ऐसी स्थिति में निर्णय लिया गया है कि जिला कोविड- कमांड कंट्रोल सेंटर द्वारा दो बार मरीज को कॉल किया जाएगा। यदि फोन अटेंड नहीं किया गया तो मरीज को होम आइसोलेशन के स्थान पर कोविड-केयर सेंटर भेज दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले में अभी 570 मरीज होम आइसोलेट हैं। इनमें 515 मरीज केवल रतलाम शहर में होम आइसोलेट किए गए हैं।

# होम आइसोलेट मरीजों के लिए चेतावनी

## कोविड कमांड सेंटर के फोन अटेंड नहीं करने पर भेज दिए जाएंगे कोविड-केयर सेंटर

रतलाम। होम आइसोलेट मरीजों को कॉल किए जाने के दौरान पाया गया है कि प्रायः मरीज द्वारा फोन अटेंड नहीं किए जाते हैं अथवा फोन बंद मिलता है या मरीज द्वारा गलत नंबर दर्ज करवाए गए हैं। ऐसी स्थिति में निर्णय लिया गया है कि जिला कोविड- कमांड कंट्रोल सेंटर द्वारा दो बार मरीज को कॉल किया जाएगा। यदि फोन अटेंड नहीं किया गया तो मरीज को होम आइसोलेशन के स्थान पर कोविड-केयर सेंटर भेज दिया जाएगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जो मरीज कोरोना संक्रमित हैं और होम आइसोलेट हैं। उनकी सेहत के हाल-चाल जानने के लिए जिला कोविड-कमांड एंड कंट्रोल सेंटर 1075 से फोन किए जाते हैं। मरीज को दो बार कॉल की जाती है जो उनकी सेहत की बेहतरी, मार्गदर्शन एवं उपचार के लिए की जाती है।

# लीज अवधि कैसे बढ़ाएं फाइल ही नहीं मिल रही



रतलाम, नप्र। जिला स्तरीय जनसुनवाई कलेक्टोरेट सभाकक्ष पर हुई। अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य तथा डिप्टी कलेक्टर कृतिका भीमावद ने 36 आवेदनों की सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग को निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर अन्य अधिकारी उपस्थित थे। दीनदयाल नगर झुग्गी झोपड़ी रहवासी मंजूबाला ने आवेदन में बताया कि प्रार्थी के पुत्र संदीप राजमल ने इंडिया शेल्टर बैंक से लोन लिया था। मासिक किश्त 500 रुपए ली जा रही थी। लाकडाउन लगने के बाद किश्त की राशि 1199 प्रतिमाह के मान से जमा कराई जा रही थी लेकिन प्राथिंया के पुत्र संदीप की 2 अप्रैल को तथा पति की 16 मई को मौत हो जाने के कारण पारिवारिक स्थिति काफी खराब हो गई है। और बैंक वालो ने किश्त की राशि 7035 प्रतिमाह कर दी है। इतनी बडी रकम प्राथिंया भरने में असमर्थ है। आवेदिका ने किश्त की राशि 1 हजार 199 रुपए मासिक करने की गुहार लगाई ताकि वह अदा कर सकें। प्रकरण निराकरण के लिए संबंधित विभाग को भेजा गया है।कस्तूरबा नगर गली नंबर 5 निवासी उषा कमलेश मालपानी ने आवेदन देते हुए बताया कि प्राथिंया का एक मकान गली नंबर 5 कस्तुरबानगर रतलाम में स्थित है। उक्त मकान की लीज अवधि बढ़ाने के लिए 14 सितम्बर को आवेदन दिया था। चार माह बीतने पर भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। पूछने पर बताया जाता कि इस प्रकरण की फाइल नहीं मिल रही है। आवेदिका ने मकान की लीज अवधि बढ़ाई जाने की गुहार लगाई जिस पर प्रकरण निराकरण के लिए आयुक्त नगर निगम को भेजा है। माल्या तहसील ताल निवासी नारायण सिंह राजपूत ने बताया कि पीएचई विभाग ने नल जल योजना के तहत जो पाइप लाइन डाली वह नालियों में डाल दी है जिससे ग्रामीणों को गंदा व बदबूदार पानी मिल रहा है। गांव वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रकरण निराकरण के लिए संबंधित विभाग को भेजा गया है।

डॉक्टरों ने सुनाए भजन, तो एक ने कर दी चित्रकारी

# आनंद उत्सव में सांस्कृतिक संध्या का रंग

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**रतलाम.** मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान द्वारा आयोजित आनंद उत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक संध्या का आयोजन बुधवार को हनुमान ताल पर किया गया। इस दौरान आनंद उत्सव-सुरों में सजे गीतों व भजनों से शाम महकी। इस दौरान दो चिकित्सकों ने भजनसुनाए तो एक ने चित्रकारी कर दी।

नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी ने बताया आनंद उत्सव का उद्देश्य ऐसी गतिविधियों का संचालन करना हैं, जिससे लोगों के जीवन मे आनंद की अनुभूति हो सके। लोक संगीत ,गायन ,भजन के इस आयोजन में सभी वर्ग के महिला पुरुषों द्वारा भागीदारी की गई। शुरुआत में आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री के साथ सभी आनंदक ने ईश्वर की प्रार्थना गाई। इसके बाद आनंदम सहयोगी गिरीश सारस्वत ने प्रेरणा गीत गाकर समा बांधा। आनंदक नरेंद्र त्रिवेदी,अणिमा आचार्य ,विशाल वर्मा ,पुष्पेंद्र सिंह सिसोदिया ,विमलेश वर्मा ने भजनों की प्रस्तुतियां दी।

## डॉक्टरों ने सुनाए भजन

हनुमान ताल पर आनंद उत्सव को देखकर मेडिकल कॉलेज के दो डॉक्टर भी आये, व भजन सुनाए। भजनों से महकती शाम व हनुमान ताल के सुरम्य वातावरण में परीक्षा की तैयारी कर रही दीक्षा व निमिषा ने गीतों की प्रस्तुति दी। नेहल दलाल ने लाइव पेंटिंग बना दी। प्रतिभा सिन्हा, पवन मकवाना ,सुषमा अग्निहोत्री ,आशा पुरी, अरुणा मिश्रा, वीरवती ने सभी गायकों का उत्साहवर्धन किया। कृष्णलाल शर्मा व राजेंद्र चतुर्वेदी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 के समय 50 वर्ष से अधिक उम्र वालों के लिए खेलकूद व सांस्कृतिक आयोजन होंगे। पत्रिका

पत्रिका २०/१/२२

# आनंद उत्सव में सजी सुर-संगीत की महफिल

**रतलाम।** मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान द्वारा आयोजित आनंद उत्सव के तहत सांस्कृतिक संध्या का आयोजन बुधवार को हनुमान ताल पर किया गया। आनंद उत्सव का उद्देश्य ऐसी गतिविधियों का संचालन करना है, जिससे लोगों के जीवन में आनंद की अनुभूति हो सके। लोक संगीत, गायन, भजन के इस आयोजन में सभी वर्ग के महिला-पुरुषों द्वारा भागीदारी की गई।

प्रारंभ में आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री के साथ सभी आनंदक ने ईश्वर की प्रार्थना गाई। इसके पश्चात आनंदम सहयोगी गिरीश सारस्वत ने प्रेरणा गीत गाकर समां बांधा। आनंदक नरेंद्र त्रिवेदी, अणिमा आचार्य, विशाल वर्मा, पुष्पेंद्रसिंह सिसौदिया, विमलेश वर्मा ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। हनुमान ताल पर हो रहे आनंद उत्सव को देखकर मेडिकल कालेज के दो युवा डाक्टर भी आए और भजन सुनाए। हनुमान ताल के सुरम्य वातावरण में परीक्षा की तैयारी कर रही दीक्षा व निमिषा ने गीतों की प्रस्तुति दी। सभी को गीत, भजन का आनंद लेते हुए देख रही नेहल दलाल ने लाइव पेंटिंग बना दी। प्रतिभा सिन्हा, पवन मकवाना, सुषमा अग्निहोत्री, आशा पुरी, अरुणा मिश्रा, वीरवती ने सभी गायकों का उत्साहवर्धन किया। आभार कृष्णलाल शर्मा व राजेंद्र चतुर्वेदी ने माना। आनंद उत्सव के तहत रविवार को सुबह 10 से 12 के समय 50 वर्ष से अधिक उम्र वालों के लिए खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। नदु.

नईदुनिया २०/१/२२

## आनंद उत्सव में रविवार को होंगी खेल-कूद स्पर्धाएं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हनुमान ताल परिसर में चल रहे आनंद उत्सव में बुधवार को गीत व भजनों की महफिल जमी। प्रारंभ में आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री ने प्रार्थना करवाई।

सहयोगी गिरीश सारस्वत ने प्रेरणा गीत गाकर समा बांधा। नरेंद्र त्रिवेदी, अणिमा आचार्य, विशाल वर्मा, पुष्पेंद्र सिंह सिसौदिया, विमलेश वर्मा ने भजन प्रस्तुत किए। इसके अलावा परीक्षा की तैयारी कर रही दीक्षा व निमिषा ने गीत गाए, तो नेहल दलाल ने लाइव पेंटिंग बना दी। प्रतिभा सिन्हा, पवन मकवाना, सुषमा अग्निहोत्री, आशा पुरी, अरुणा मिश्रा सहित कई उपस्थित रहे। आनंदम सहयोगी अग्निहोत्री ने बताया रविवार को सुबह 10 से 12 बजे तक 50 वर्ष से अधिक उम्र वालों के लिए खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। भास्कर

दै. भास्कर २०/१/२२

# सुकून पहुंचा रहा लबालब हनुमान ताल....।



रतलाम की रत्नपुरी 80 फीट रोड स्थित हनुमान ताल लबालब होकर सभी को सुकून पहुंचा रहा है। तालाब के लबालब होने से क्षेत्र का जलस्तर भी बना हुआ है। यहां सुबह-शाम सैर के लिए आने वाले भी तालाब के सौंदर्य को निहार रहे हैं। ● नईदुनिया

नई.

नईदुनिया २०/१/२२

कर वसूली

# आज दीनदयाल नगर क्षेत्र में लगेगा बकाया वसूली शिविर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

संपति, जलकर सहित अन्य शुल्क भरने के लिए नगर निगम का बकाया वसूली शिविर 20 व 21 जनवरी को दीनदयाल नगर में लगेगा। इसमें वार्ड 18, 19 व 20 के रहवासी कर जमा करा सकेंगे। वार्ड 44 व 23 के लिए 22, 24 व 25 जनवरी को बोहरा बाखल, वार्ड 23, 44 के लिए 27 जनवरी को रामगढ़, वार्ड 21, 45 के लिए 28, 29 व 31 जनवरी को लक्कड़पीठा प्याऊ के पास, वार्ड 48 व 49 के लिए 1 से 3 फरवरी तक आर्य समाज मंदिर धानमंडी, वार्ड 40 व 41 के लिए 4 से 5 फरवरी तक जूनी कोर्ट किरण टॉकिज में शिविर लगाया जाएगा। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया ऐसे शिविर 3 मार्च तक लगाए जाएंगे। अब तक के शिविरों में संपत्तिकर के 44.3 लाख रुपए तथा जलकर के 9.68 लाख रुपए जमा हुए हैं।

**सेठजी का बाजार में तीन मकानों के अवैध नल कनेक्शन काटे :** अवैध नल कनेक्शन काटने की मुहीम के अंतर्गत बुधवार को जलप्रदाय अमले ने सेठजी का बाजार क्षेत्र के तीन मकानों के अवैध नल कनेक्शन काटे।

दै. भास्कर 20/1/22

# संबल पात्र हितग्राहियों को मिलेगा आयुष्मान भारत निरामयम योजना का लाभ – विधायक श्री काश्यप

**रतलाम।** शहर के जिन संबल पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड पूर्व में नहीं बन पा रहे थे, उनके अब आयुष्मान कार्ड बन सकेंगे। इससे उन्हें आयुष्मान भारत निरामयम योजना का लाभ मिलेगा। आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क उपचार की योजना दी जाती है।

विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि रतलाम नगर के कुछ संबल पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहे थे, इस पर उन्होंने 30 दिसंबर 2021 को राज्य शासन को चिट्ठी लिखकर ध्यान आकर्षित किया था। अतिसंवेदनशील मामला होने से उन्होंने इस समस्या का समाधान तत्काल करने का आग्रह किया था।

शासन की ओर से 17 जनवरी को मिले प्रत्युत्तर में आयुष्मान भारत निरामयम योजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग चौधरी ने बताया कि शासन ने एनआईसी (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र) म.प्र. भोपाल से समन्वय स्थापित कर उक्त समस्या का निराकरण कर दिया है। इस कार्यवाही के बाद समस्त पात्र संबल हितग्राहियों की पात्रता आयुष्मान भारत के बीआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे हैं। इसके माध्यम से समस्त पात्र हितग्राही कॉमन सर्विस सेन्टर व लोक सेवा केन्द्रों पर अपना आयुष्मान कार्ड बनवाकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। श्री काश्यप ने बताया कि आयुष्मान भारत निरामयम योजना भारत सरकार की अनुपम योजना है। इससे कई परिवारों को बीमारी के उपचार में काफी मदद मिली है। शहर के जो परिवार पात्र होते हुए भी योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे, उनके सहित पूरे प्रदेश के पात्र हितग्राही परिवारों को अब आयुष्मान कार्ड बनने पर योजना का लाभ मिलने लगेगा। उपग्रह

उपग्रह २०/१/२२

# संबल को मिलेगा आयुष्मान योजना का लाभ–काश्यप

**रतलाम, नप्र।** शहर के जिन संबल पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड पहले में नही बन पा रहे थे, उनके आयुष्मान कार्ड बन सकेंगे। इससे उन्हें आयुष्मान भारत निरामयम योजना का लाभ मिलेगा। विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि रतलाम नगर के कुछ संबल पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहे थे, इस पर उन्होंने राज्य शासन का ध्यान आकर्षित कर समस्या का समाधान तत्काल करने का आग्रह किया था। प्र.कि. 19

प्रभातकिरण 19/1/22

अच्छी बात यह किसी में ओमिक्रॉन के लक्षण नहीं, सावधानी नहीं रखी तो 4 दिन में हो जाएंगे हजार पार

# बढ़ रहा संक्रमण, रतलाम में 796 हुई मरीजों की संख्या

पत्रिका डेटा डिकोडेड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में कोरोना की तीसरी लहर में बुधवार तक 796 मरीज हो गए हैं। इनमे से करीब 600 से अधिक मरीज अपना इलाज घर पर ही ले रहे हैं। बुधवार शाम को 141 नए मरीज कोरोना के सामने आए हैं। अच्छी बात यह है कि अब तक जिले में ओमिक्रान का एक भी मरीज सामने नहीं आया है। सावधानी हटी व दुर्घटना घटी की कहावत पर अमल नहीं किया गया तो जिस गति से मरीज बढ़ रहे हैं, अगले तीन से चार दिन में मरीजों की संख्या एक हजार पार हो जाएगी।





शहर में कोरोना का पहला मरीज अप्रेल 2020 में आया था। तब से अब तक पहली, दूसरी व तीसरी लहर में 404170 मरीजों की जांच की गई, जबकि 402892 मरीजों की रिपोर्ट आ गई। अब भी 1278 मरीजों की रिपोर्ट मंगलवार शाम तक आना शेष थी। अच्छी बात यह रही है कि 258570 मरीज की रिपोर्ट नेगेटिव आई।

असल में अब भी कई लोग शहर में बगैर मास्क लगाए ही अपने घर से निकल रहे हैं। ऐसे में इन लोगों को मास्क लगाने वालों के मुकाबले कोरोना होने की आशंका अधिक रहेगी। खराब बात यह है कि इस प्रकार के लोग शहर के भीड़ वाले क्षेत्रों में भी बगैर मास्क के जा रहे हैं।

## मंगलवार-बुधवार शाम तक

| | |
|---|---|
| संदिग्ध केस की जांच | 404170 |
| लेब से आई रिपोर्ट | 402892 |
| नेगेटिव सेंपल की संख्या | 258570 |
| पॉजिटिव आई संख्या | 18545 |
| रिजेक्ट सेंपल संख्या | 6060 |
| रैपिड एंटिजन टेस्ट में पॉजिटिव | 2144 |
| रैपिड एंटिजन टेस्ट में नेगेटिव | 118366 |
| अब तक डिस्चार्ज | 17430 |
| आईसोलेशन में भर्ती | 654 |

## मास्क से बेहतर कुछ नहीं

मास्क लगाना व सैनिटाइजर करना कोराना से बचाव का सबसे बेहतर उपाय है। जो मास्क नहीं लगा रहे है, उन पर अर्थदंड लगाया जा रहा है।

- **विकास सोलंकी,** उपायुक्त, नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका २०/१/२२

## 7840 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

**रतलाम।** शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार तक 7840 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

## खुले में गंदगी करने वाले पांच लोगों से वसूला जुर्माना

**रतलाम।** खुले में गंदगी करने पर मोहम्मद हुसैन गुरु रामदास स्कूल विनोबा नगर से 2000 रुपये, अर्पित जैन, गौरव जैन टीआइटी रोड भूत बंगला, राजेश गुरु रामदास स्कूल विनोबा नगर से 1000-1000 रुपये, पुल्कित 80 फीट रोड से 500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल ने सभी भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी। इसके अलावा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले छह व्यक्तियों से 100-100 रुपये जुर्माना वसूलकर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाइश दी गई।

## 76 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को 76 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 27760, ट्रैक्टर-ट्राली से 13915, काम्पेक्टर सूखा कचरा 18035, काम्पेक्टर गीला कचरा 16700 कुल 76410 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

## छह सफाई मित्रों का वेतन काटा

**रतलाम।** शहर में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के तहत मंगलवार को महेंद्र-अशोक, विकास-किशोर, रवि-ओंकार, विकास-कैलाश, विजय-सुरेश व सत्री-मुकेश बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहे। इस पर सभी का एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। नरसिंह मंदिर में हुआ

नईदुनिया २०/१/२२

## 7573 पेंशन हितग्राहियों का हुआ भौतिक सत्यापन
## पेंषन पाने वाले हितग्राही अपना भौतिक सत्यापन करवायें

रतलाम । रतलाम षहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राश्ट्रीय वृद्धा पेंषन, राश्ट्रीय विधवा पेंषन, राश्ट्रीय नि:षक्त पेंषन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंषन, विधवा पेंषन, नि:षक्त पेंषन, मानसिक बहुविकलांग पेंषन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का षासन निर्देषानुसार भौतिक सत्यापन किया जा रहा है जिसके तहत 18 जनवरी सोमवार तक 7573 पेंषन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कर 75.03 प्रतिषत कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

स्वतंत्र

स्वतंत्र रतलाम २०/१/२२

## मास्क नहीं पहनने पर 6 व्यक्तियों पर जुर्माना

**रतलाम |** गंदगी करने और मास्क नहीं पहनने वालों पर नगर निगम का अमला लगातार जुर्माना लगा रहा है। गंदगी करने पर मोहम्मद हुसैन गुरू रामदास स्कूल विनोबा नगर पर 2000 रुपए, अर्पित जैन, गौरव जैन टीआईटी रोड भूत बंगला, राजेश गुरू रामदास स्कूल विनोबा नगर पर 1000 रुपए, पुलकित 80 फीट रोड पर 500 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 6 व्यक्तियों से 100 रुपए का जुर्माना वसूला।

दै. भास्कर २०/१/२२